## सार-समाचार

### भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गंगापुर सिटी** । गुप्त नवरात्र के अवसर पर मां चक्रपाणि भक्त मंडल द्वारा आयोजित देवी भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। नहर रोड स्थित आयोजन स्थल पर सैकड़ों भक्त कथा श्रवण कर रहे हैं। इस दौरान माता-बहनें सहित अन्य भक्तजन स्तुति गान और नृत्य संकीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लेते दिखे। कथा व्यास आचार्य अशोक दीक्षित ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव से भरा होता है। संकट और दुख के समय व्यक्ति का विवेक शिथिल हो जाता है, जिससे आत्म चेतना सुप्त हो जाती है। ऐसे में देवी की उपासना और आराधना ही अंतरात्मा में शक्ति का संचार कर आत्म चेतना को जागृत करती है। उन्होंने जोर दिया कि विवेकवान व्यक्ति हर समस्या का समाधान खोज लेता है। कथा में नंदोत्सव, श्रीराम की शक्ति आराधना और नर-नारायण प्रसंग सहित शास्त्रीय मर्यादाओं के पालन का महत्व बताया गया। आयोजन से जुड़े विजय ठाकुरिया ने जानकारी दी कि कथा से वातावरण धार्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो रहा है। प्रतिदिन 21 विद्वानों द्वारा वैदिक कर्मकांड और दुर्गा पाठ किया जा रहा है। शुक्रवार को कृष्ण बाल लीला और वसंत पंचमी उत्सव मनाया जाएगा। मुख्य यजमान रामगोपाल गुप्ता के साथ सह-यजमान प्रमोद मोदी, चंद्रभान शर्मा, सोनू जगवानी, पहलाद तमोली, राजू गीजगढ़, सुरेश गुप्ता गीजगढ़, पूरन सिंगल, चंदा सोनी, अनिल गुप्ता, गोविंद पत्रकार, गंगाप्रसाद एडवोकेट, अनिल कुमार गुप्ता, देवकीनंदन गुप्ता और विजय ठाकुरिया ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सागर शर्मा, मिंटू गोयल, भानु सिंगल एडवोकेट, कैलाश खंडेलवाल, नंदकिशोर, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद और विष्णु गोयल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पर्यावरण विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

**सूरौठ** । तहसील के समीपवर्ती ग्राम विजयपुरा के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरित विद्यालय योजना के अंतर्गत पर्यावरण विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक निदेशक पद से सेवानिवृत्त पर्यावरण विशेषज्ञ विशंभर दयाल शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, विद्यालय की प्रधानाचार्य साधना मित्तल ने बताया कि शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व, कृषि में पर्यावरण की भूमिका तथा पर्यावरण और कृषि के पारस्परिक संबंधों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित पर्यावरण के बिना टिकाऊ कृषि संभव नहीं है, विशंभर दयाल शर्मा ने अपने संबोधन में छात्रों को कृषि की नवीन विधाओं, जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धितयों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं कृषि से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा सरल एवं रोचक ढंग से समाधान किया गया इस मौके पर समस्त स्टाफ कमि रहें उपस्थित।

### रक्तदान शिविर का पोस्टर जारी

**हिंडौन सिटी।** समग्र विकास संस्थान की ओर से राजकीय महाविद्यालय हिंडौन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं प्रो.स्व. सुरेश चंद मीणा की स्मृति में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन 23 जनवरी 2026 को प्रात 10 से 2 बजे तक किया जाएगा । समग्र विकास संस्थान के कोषाध्यक्ष रोविन सोलंकी ने बताया कि बल्ड डोनेशन कैंप में मुख्य अतिथि हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, मुख्य वक्ता राजेश मीणा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी करौली, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पप्पू राम कोली रहेंगे सोलंकी ने लोगो से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की इस दौरान एबीवीपी सवाई माधोपुर विभाग संयोजक योगेन्द्र डागुर, पूजा बल्ड बैंक की काउंसलर . चौधरी , बॉबी सोलंकी, मधुसूदन मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

### ऐश्वर्य शर्मा व रामया शर्मा का भव्य सम्मान

**भरतपुर** (निस)। जिला ओलंपिक संघ, भरतपुर डिस्ट्रिक्ट क्लब एवं जयशंकर टाईगर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में लोहागढ़ के ताइक्वांडो के होनहार खिलाड़ी ऐश्वर्य शर्मा एवं रामया शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने पर उत्सवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम सिटी राहुल सैनी, डी. ओ.आई.टी के उपनिदेशक पुष्पेंद्र कुंतल, जिला खेल अधिकारी सत्यप्रकाश लुहाच, जिला ओलंपिक संघ सचिव डॉ रमेश इंदौलिया, कोषाध्यक्ष लाला पहलवान, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश पाल सिंह एवं ठााम विकास अधिकारी जितेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयशंकर टाईगर की अध्यक्ष सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रतिभा शर्मा ने की। सम्मान समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ी ऐश्वर्य शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर एवं रामया शर्मा को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर माला, साफा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही जयशंकर टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर एवं भरतपुर ताइक्वांडो संघ की सचिव दीप्ति शर्मा को भी माला साफा और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम सिटी राहुल सैनी ने कहा कि ऐश्वर्य शर्मा एवं रामया शर्मा की यह उपलब्धि केवल एक परिवार या क्लब की नहीं, बल्कि पूरे भरतपुर और राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। बेहद साधारण परिवार से निकलकर इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना यह सिद्ध करता है कि प्रतिभा मेहनत और अनुशासन से निखरती है। ऐसे खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में जिला ओलंपिक उपाध्यक्ष महेश वाल्मीकि, ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, जूडो चौंपियन पोहप सिंह जादौन, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णु दत्त शर्मा, ब्राह्मण समाज राजस्थान जिला अध्यक्ष हरीश पाठक, वैभव सोनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में ऐश्वर्य शर्मा एवं रामया शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह युवा खिलाड़ी आने वाले समय में देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर भारत और राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी खुबीराम प्रजापत गिरफ्तार

■ एएसआई साहबसिंह, कांस्टेबल देशराज, संतोष राहुल की रही मुख्य भूमिका

**सूरौठ** । भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक कैलाश बिश्नोई, करौली पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौन सिटी सत्येन्द्र पाल सिंह के निर्देशन तथा उपाधीक्षक वृत्त हिण्डौन सिटी मुनेश कुमार के सुपरविजन में सूरौठ थाना पुलिस ने एक अज्ञात हत्या (ब्लाइंड मर्डर) का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सोहन सिंह (पु.नि.) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी खुबीराम पुत्र रामबाबू प्रजापत (उम्र 33 वर्ष), निवासी ढिंढोरा, थाना सूरौठ, जिला करौली को पकड़ने में एएसआई साहब सिंह गुर्जर, कांस्टेबल देशराज गुर्जर, संतोष कुमार, राहुल कांस्टेबल कि रही मुख्य भूमिका पुलिस टीम गठित में थानाधिकारी सोहन सिंह गुर्जर, एएसआई साहब सिंह गुर्जर, कांस्टेबल देशराज गुर्जर, संतोष कुमार, राहुल, पुष्पेंद्र, नीरज व अजय कांस्टेबल टीम के द्वारा आरोपी कों पकडा गया, पुलिस के अनुसार मृतक मुकेश (28 वर्ष) पुत्र उदय सिंह, जाति जाट, निवासी खेडी हैवत के पिता उदय सिंह द्वारा थाना सूरौठ में रिपोर्ट दी गई थी कि उनका पुत्र शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से निकला था, जो वापस नहीं लौटा। अगले दिन सुबह उसकी लाश ढिंढोरा-खैड़ी हैवत रोड पर एक धर्मशाला के पास संदिग्ध हालत में पाई गई। पुलिस ने पंचायतनामा कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया तथा एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन किए। गहन अनुसंधान के दौरान सामने आया कि मृतक अंतिम बार आरोपी खुबीराम के साथ देखा गया था। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों के बीच पुराना परिचय था और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चलता रहता था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने मृतक को अपनी इटिका कार में बैठाकर शराब पिलाई और सुनसान स्थान पर ले जाकर पत्थर से सिर पर वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## ग्रामीणों का प्रदर्शन

**सूरौठ** । सूरौठ तहसील के बंजारों का नंगला में जलापूर्ति पिछले 10 दिनों से पूरी तरह बंद पड़ी है, गांव में स्थित वाटर बॉक्स की मोटर फूंक जाने के कारण ग्रामीणों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, पूर्व वार्ड पार्षद दशरथ सिंह बंजारा व ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो मोटर ठीक करवाई गई और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला । पानी की गंभीर किल्लत के चलते ग्रामीणों ने मौके पर प्रदर्शन किया और शीघ्र समाधान की मांग की । ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है, ताकि गांव में नियमित जलापूर्ति बहाल हो सके, प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ललिता, अनोखी, गितम, छोटा, रामकिशन, अर्जुन, गुड्डी देवी, पोंजी, दर्शन सिंह, उल्फत, हरिओम, देवी सिंह सहित बंजारा समाज के अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

# महामंडलेश्वर सुधाकर पूरी महाराज का भव्य स्वागत

**भरतपुर** (निस)। उत्तिष्ठ भारत के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर सुधाकर पूरी महाराज जो कि अहमदाबाद स्थित पंचमुखी बालाजी महाराज आश्रम से चलकर भरतपुर होते हुए प्रयागराज की यात्रा कर रहे है ।

इस यात्रा के दौरान उनके भरतपुर पहुंचने पर हीरादास बस स्टैंड स्थित डॉक्टर विनोद पचौरी के हॉस्पिटल पर उनका फूल माला अंगवस्त्र और शाल भेंट करके उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्होंने जेल में बिताए दिनों की याद दिलाते हुए साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल पुरोहित और स्वयं पर होने वाले अत्याचार के बारे में बताया कि उनको मालेगांव ब्लास्ट में कैसे फंसाया और कितना परेशान किया गया और उन लोगों को किन किन यातनाओं का सामना करना पड़ा और उन्होंने बताया कि कुछ नेताओं के चक्कर में हम समाज में जात पात और छुआछूत के नाम पर हम एक दूसरे से लड़ रहे है तो वो दिन दूर नहीं जब हमारे देश में बाहरी लोगों का आधिपत्य हो जायेगा इसलिए समय से पहले हम सबको इस बुराई को दूर करना है और सभी को एक जुट भी करना है ताकि देश की एकता और संप्रभुता को बनाए रखा जा सके । इस मौके पर एल जी कंपनी से अनिल खंडेलवाल उर्फ अन्नू जी, डॉक्टर विनोद पचौरी जी कौशल किशोर जी सचिन शर्मा जी, तरुण कटारा, विनोद कुमार चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## शोभायात्रा निकाली

**भरतपुर** (निस)। सेवर प्रखंड के बझेरा खंड में विश्व हिंदू परिषद्, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रीराम दरबार व शिव परिवार की झांकी निकाल कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विष्णु सैनी रहे जिन्होंने भगवा ध्वज लहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ कराया। शोभायात्रा में विशिष्ट अतिथि विहिप के जिला मंत्री विनोद मडरपुर व बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख रवि फौजदार भवनपुरा, जिला गौरक्षा प्रमुख कर्दम भवनपुरा रहे। शोभायात्रा में प्रखंड सह मंत्री हेमंत शर्मा, भरत बझेरा, विक्रम बझेरा, सुनील, रोहित मित्तल, रोहित राजपुत, चंद्रशेखर, छोटे लाल, राजवीर, प्रहलाद, सुनील, बंटी, कौशल, दीपक, अमित, मनोज, जगवीर, हरवेंद्र आदि मौजूद थे।

# 'कर्तव्य बोध दिवस मनाने का उद्देश्य कर्तव्यों के प्रति सजग रहना है'

■ भरतपुर के एमएसजे कॉलेज में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय भरतपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) स्थानीय इकाई द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में महेंद्र सिंह मग्गो प्रांत संघ चालक जयपुर प्रांत रहे उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि संगठन द्वारा कर्तव्य बोध दिवस को स्वामी विवेकानंद व सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मध्य (12 से 23 जनवरी) मनाया जाता है। कर्तव्य बोध दिवस मनाने का उद्देश्य अपने कर्तव्यों के प्रति सजग,सचेत रहते हुए हमे सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण एवं अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों को सचेत रहते हुए अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच परिवर्तन के विषय को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए समाज राष्ट्र उत्थान हेतु प्रत्येक व्यक्ति को इस दिशा में समर्पण होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र कुमार भानु द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन देते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से नागरिक कर्तव्यों के साथ-साथ समाज और राष्ट्र को ध्यान में रखते हुए अपनी कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता पांडे ने कहा कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी अपनी कर्तव्यों का पालन करें और अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी से निर्भर करें तो हम सब एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं ।

# भरतपुर बीट्स की नई कार्यकारिणी का गठन

■ नवर्ष मिलन का यह कार्यक्रम पिछले कार्यकाल के अध्यक्ष रहे मनीष मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित किया

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर बीट्स की प्रथम विजनिस मीटिंग एवं नबवर्ष मिलन समारोह गत दिवस होटल सीपी पैलेस, भरतपुर में आयोजित किया गया। भरतपुर बीट्स सामाजिक कार्यो में शहर की एक अठाणी संस्था है जो विशेषकर अपनें वृहद् स्तर के ब्लड डोनेशन कैम्पों के लिये जानी जाती है। नवर्ष मिलन का यह कार्यक्रम पिछले कार्यकाल के अध्यक्ष रहे मनीष मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें उनके द्वारा दो वर्ष किये गये कार्यक्रमों का विवरण सदन के समक्ष रखा, कोषाध्यक्ष निखिल खण्डेलवाल द्वारा संस्था के आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जिसे सभी सदस्यों के द्वारा घ्वनि मत से पास किया गया। भरतपुर बीट्स के संरक्षक जितेन्द्र गोयल द्वारा वर्ष 2024-26 के अध्यक्ष मनीष मेहरा, सचिव डॉ. रजत आर्य एवं कोषाध्यक्ष निखिल खण्डेलवाल के साथ साथ प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष राहुल वंसल का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी के द्वारा इन सभी के कार्यकाल में किये गये कार्यो को सराहा। बीट्स सरंक्षक द्वारा वर्ष 2026-28 के लिये प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा अध्यक्ष पद के लिये चुनें गये डॉ. रजत आर्य, सचिव पद के लिये यकुल गुप्ता कोषाध्यक्ष पद के लिये प्रवीण खण्डेलवाल एवं प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद के लिये जितेन्द्र अठावाल को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जिसको सदन के द्वारा स्वीकार किया गया एवं सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर मंचासीन कराया गया। कार्यक्रम में सुनील एण्ड पार्टी द्वारा रंगारंग प्रस्तुतिया दी गई जिसको सभी सदस्यों के द्वारा पंसद किया गया । कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ किया गया।

# पुरस्कृत शिक्षकों को दो वेतन वृद्धि की मांग

**हिंडौन सिटी।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। फोरम के संरक्षक शीतल प्रसाद शुक्ला ने बताया कि करौली जिला प्रभारी धर्मराज जांगिड एवं जिला अध्यक्ष पूरणमल जाटव के नेतृत्व में जिले के पुरस्कृत शिक्षकों ने ज्ञापन देकर राज्य सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राजस्थान सरकार ने चुनाव के बाद 100 दिवस की कार्य योजना में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों को दो वेतन वृद्धि तथा राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षकों को एक वेतन वृद्धि देने की घोषणा की थी, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बावजूद यह घोषणा अब तक पूरी नहीं हुई है।

इससे पुरस्कृत शिक्षकों का मनोबल कमजोर हुआ है। फोरम के प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल निर्णय लेने की मांग की। इसी क्रम में गुरुवार को पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान द्वारा प्रकाशित बोर्ड परीक्षा टिप्स पुस्तकों का वितरण स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहन नगर में किया गया। संस्था प्रधान विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला पुरस्कृत शिक्षक फोरम करौली के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षकों ने विद्यालय की छात्र-छात्राओं को यह पुस्तकें वितरित कीं। इस अवसर पर करौली जिला प्रभारी धर्मराज जांगिड़, जिला अध्यक्ष पूरणमल जाटव, संरक्षक शीतल प्रसाद शुक्ला, महामंत्री पुष्प मंगल, कोषाध्यक्ष मुकेश खण्डीप सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर 26 को

**गंगापुर सिटी** । अक्षत आयुर्वेदिक एंड मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के द्वारा हॉस्पिटल परिसर मे ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया जायेगा जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक डॉ. के.के. वैष्णव और डॉ आसिफ खान के द्वारा सेवा दी जाएगी।

कैम्प के बारे में हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ अजय शर्मा ने बताया कि इस कैम्प जोड़ों के दर्द, बाय, साइटिका, नसों का दर्द, थायरायड, बी. पी. पुराना खाज, खुजली, दाद, सफेद दाग, कील मुंहासे, चहरे की छाया सहित सभी मौसमी बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिसमें निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा एवं लेब टेस्ट मे 50 प्रतिशत छूट रहेगी।

## सार-समाचार

### कवि सम्मेलन का आयोजन

**भरतपुर** (निसक)। कवि सम्मेलन संयोजक प्रसिद्ध हास्य कवि जय सारस्वत ने संचालन करते हुए अपनी हास्य फुलझड़ियों से सभागार में उपस्थित श्रोताओं को लोट पोट कर दिया। जयपुर के गीतकार सिद्धार्थ कुमार ने प्रेम और श्रृंगार के गीत सुनाकर समा बांधा। जोबनेर के नवीन जोशी ने अपने हास्य व्यंग से वर्तमान घटनाओं पर व्यंग किया । कवि कृष्ण ने अपनी ओजस्वी रचना से देश को नमन किया। अंत में प्रोफेसर योगेन्द्र भानु द्वारा आभार प्रकट किया गया। कवि सम्मेलन आयोजक प्रोफेसर विजय द्वारा सभी कवियों का शाल उढ़ाकर एवं पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। कवि सम्मेलन में एबीवीपी के भरतपुर संयोजक दौलत शर्मा, यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स , रिसर्च स्कॉलर्स सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राजेश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**गंगापुर सिटी** । विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1 डी द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं विधिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन एक-डी के प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा उर्फ चच्चू भैया के विधिवत अनुमोदन के पश्चात जोन एक-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.हेमंत शर्मा की अनुशंसा पर प्रदेश संगठन महामंत्री कैलाश तिवारी द्वारा एडवोकेट राजेश शर्मा को विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके विधि क्षेत्र में अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए की गई है। युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त नियुक्ति के संदर्भ में संगठन के नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि एडवोकेट शर्मा के मार्गदर्शन में विधि प्रकोष्ठ विप्र समाज को विधिक जागरूकता, परामर्श एवं न्याय संबंधी सहायता उपलब्ध कराने में सशक्त भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जोन-1-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा, ई लाइब्रेरी प्रकल्प सियाराम शर्मा, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाड़ी, देवेंद्र कुमार पाठक, विष्णु गुरुजी, सुरेश शर्मा, गोविन्द पाराशर, धनेश शर्मा, मुकेश देहात, राजेंद्र सहारिया, जितेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, मदनमोहन शर्मा, रमन शर्मा, अंकुश कुमार शर्मा, हर्ष गौतम, श्याम सेवा, शिवचरण शर्मा अन्ना, गोविंद सहाय शर्मा, राकेश जैमिनी, डॉ वेणुगोपाल मिश्र, पवन समाधियां, सत्येंद्र पाराशर, दुर्गेश शर्मा, बिष्णुकांत दीक्षित, एडवोकेट हिमांशु ने राजेश शर्मा एडवोकेट को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन

**भरतपुर** (निस)। सैनी, माली, कुशवाहा, यदुवंशी, मौर्य समाज द्वारा अपनी वर्षों पुरानी 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आगामी 25 फरवरी को भरतपुर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री घनश्याम शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही समाज के लोगों ने 25 फरवरी को ही विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। आंदोलन पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संविधान सम्मत रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए रामेश्वर सैनी, जिलाध्यक्ष सैनी समाज, भरतपुर ने कहा कि सैनी व समकक्ष समाजों की आरक्षण संबंधी मांग लंबे समय से लंबित है। सरकार ने अब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, जिससे समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। यदि सरकार ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर मजबूती से आवाज उठाएगा और अन्याय के खिलाफ कठोर लोकतांत्रिक संघर्ष किया जाएगा। इस आंदोलन में जिले भर से बड़ी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। प्रतिनिधि मंडल में सैनी समाज के जिला संयोजक रामगोपाल सैनी एडवोकेट राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष रवि सैनी फुल ब्रिगेड के जिला प्रभारी जगदीश प्रसाद सैनी फुले ब्रिगेड शहर अध्यक्ष गजेंद्र सैनी बाबूलाल सैनी अमर सिंह सैनी भगवान सिंह सैनी अमन सैनी टीटू सैनी मदन सैनी आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को स्वेटर बांटे

**गंगापुर सिटी** । कल्याणजी गेट स्थित राजकीय बालिका सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्राओं को सर्दी से राहत देने के लिए स्वेटर वितरित किए। यह वितरण कार्यक्रम भामाशाह राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी, सेवानिवृत्त सहायक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा आयोजित किया गया। स्कूल प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथी पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज मीना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल विजय सिंह गुर्जर ने की। भामाशाह राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने और उच्च पदों पर पहुंचकर जरूरतमंद स्कूलों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, प्रिंसिपल विजय सिंह गुर्जर ने भामाशाह परिवार और मौजूद सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी कार्मिक भी मौजूद रहे।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर प्रभात फेरी निकाली

■ फेरी में सर्व समाज के लोग शामिल हुए

**गंगापुर सिटी** । गुरूवार को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा स्थापना दिवस उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन आदर्श बस्ती एवं इस्कॉन मंदिर के तत्वाधान में प्रभात फेरी, "हरे कृष्णा हरे राम", का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी मनोरथ सिद्ध हनुमान मंदिर से लाटा गली, शिवपुरी, उदेई मोड, नई अनाज मंडी तक निकाली गई। जिसमें सर्व समाज के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे। आगामी 1 फरवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन किया गया। हिंदू सम्मेलन भारतीय सभ्यता संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता का साधना मंच है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर के विशाल हिंदू सम्मेलन आदर्श बस्ती के आयोजन समिति के संयोजक डॉक्टर अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि 1 फरवरी 2026 को होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन में मंगल कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रसाद वितरण रखा गया है। जिसमें सभी हिंदू समाज के लोगों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिती दर्ज कराकर कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में महिला सहसंयोजक अंजना रावत, सुधा गुप्ता, सुनीता खटाना, सुषमा, पदमा, दिव्या, श्रीमती प्रेम बाई, ममता, इस्कॉन मंदिर प्रभु जी कुलदीप, प्रभु कैलाश, प्रभु अरविंद, प्रभु राजू, निलेश, रिंकू सहित अन्य महिला एवं पुरुष आदि उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ सग्राम में संवाद और मतदाताओं को जागरूक किया

**डीग भरतपुर** (निस)। कांग्रेस कमेटी डीग के जिलाध्यक्ष राजीव सिंह चौधरी के नेतृत्व में मनरेगा बचाओ जन आन्दोलन संग्राम व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज ठााम पंचायत रारह, ताखा, गुनसारा व तालफरा में चौपड़ व नुक्कड़ सभाऐं आयोजित की गई। भाजपा केन्द्रीय सरकार मनरेगा की आत्मा को चार खतरनाक तरीकों से नष्ट करने की योजना बना रही है, अब मोदी सरकार चुनेगी कि कौनसी ग्राम पंचायत को काम मिलेगा और कौनसी ठााम पंचायत को काम नहीं मिलेगा। मनरेगा के तहत अब काम का अधिकार नहीं रहेगा, बल्कि सरकार की मर्जी से काटे जाने वाले रोजगार एक रेवडी बन जायेगा। मजदूरी जो कृषि, प्राइस, इन्डैक्स से तय होती, वह अब सरकार द्वारा मनमाने ढंग से तय की जायेगी। केन्द्र सरकार जो पहले 90 प्रतिशत मजदूरी का भुगतान करती थी, अब उसका हिस्सा 60 प्रतिशत रह जायेगा, जबकि केन्द्र सरकार का राजस्व दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। वर्ष 2025-26 में वह करीबन 48 लाख करोड़ रूपये होगा। केन्द्र सरकार अपना बोझ राज्य सरकार पर डाल रही है, जबकि उस पर करीबन साढ़े सात लाख करोड़ का कर्ज है और जहां तक राजस्थान सरकार के राजस्व का सवाल है, वह करीबन 3 लाख करोड़ ही है। 60 दिन का ब्लैक आउट पीरीयड किसानों की कमर तोड़ देगा। अब मनरेगा में ठेकेदारों को लाया जायेगा और मजदूर ठेकेदारों की परियोजनाओं के लिये मात्र श्रम आपूर्ति बनकर रह जायेंगे तथा मनरेगा में रोजगार सहायक भी नहीं होंगे।

# अस्पताल की जमीन पर प्लाटिंग जनता से अन्याय : सूपा

**भरतपुर** (निस)। संभाग के सबसे बड़े आरबीएम अस्पताल के विस्तार के लिए रिजर्व रखी गई 25000 वर्ग मीटर जमीन को भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्लाटिंग करने के निर्णय पर जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित जिले के वरिष्ठ कांठोसी पदाधिकारीयों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से जिला ही नहीं बल्कि समुचित संभाग के मरीज बड़े स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाएंगे। कांठोस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि बीडीए द्वारा अस्पताल के लिए अभी तक रिजर्व जमीन को आवंटित नहीं किए जाने से मेडिकल कॉलेज के लिए जरूरी कैंसर यूनिट, पैरामेडिकल कॉलेज, स्पाइन सर्जरी यूनिट तथा कॉटेज वार्ड आदि की सुविधा कॉलेज को नहीं मिल सकेगी। जिस वजह से भरतपुर में मरीजो को मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी प्रदेश स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का अभाव बना रहेगा। जिला अध्यक्ष सूपा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भाजपा सरकार के रवैया की आलोचना करते हुए कहा कि बड़े शर्म एवं आश्चर्य की बात है की अस्पताल के लिए रिजर्व रखी गई जमीन पर भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सिर्फ पैसा कमाने की नीयत से 456 कमर्शियल प्लॉटों का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है, जिन्हें बेचकर सरकार मुनाफा कमाना चाहती है क्योंकि अस्पताल के लिए जमीन आवंटित किए जाने पर किसी भी तरह का राजस्व अस्पताल से नहीं मिल सकेगा। भाजपा सरकार की यह सोच एवं निर्णय संभाग के लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा। पदाधिकारीयों ने यह भी कहा कि भरतपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला होने तथा मेडिकल कॉलेज होने के बाद भी अगर प्रदेश स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहता है तो इससे ज्यादा शर्म की बात भरतपुर वासियों के लिए और कुछ नहीं हो सकती। निर्णय का विरोध करने वालों में चुन्नी कप्तान, चंद्रकेश राजावत, योगेश सिंघल, दयाचंद पचौरी, रामेश्वर सैनी, तोता प्रधान, रमेश धावई, मनोज शर्मा, बबीता शर्मा, हरस्वरूप सरपंच, निरंजन जघीना, मुकेश पप्पू, मनोज पटेल, हरिसिंह नागर, जगदीशबंजी, अजयपाल दारापुरिया, हरजीत सांखला, राजेंद्र सारस्वत, अशोक लवानिया, अशोक तांबी, पुष्पेंद्र बन्नो, वीकेश फौजदार, भरत गादोली, विजेंदर बंटी, राकेश पठानिया, मुस्ताक अहमद, रोहित चौधरी, दिगम्बर खटाना, बृजभूषण जाटव, शहीद खान, चंद्रकांत शर्मा, विजेंद्र चीमा, अवधेश शर्मा सहित काफी वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल थे।

# सेवा व समर्पण भाव पैदा करती हैं एन. एस. एस. : मीना

■ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**हिंडौन सिटी** । राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 16 जनवरी से 22 जनवरी तक संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन आयोजित समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि सुमरथ लाल मीना अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश हिंडौन सिटी, संयोगिता गहलोत जुडिशल मजिस्ट्रेट हिंडौन सिटी एवं राजपाल मीना एसीजेएम हिंडौन सिटी , कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ कपिल कुमार आनंद ,सुबोध कॉलेज जयपुर , कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली एवं कार्यक्रम अधिकारी रितेश जैन , शालिनी गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश समरथ लाल मीणा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा विधिक साक्षरता भी व्यक्तित्व विकास हेतु जरूरी है। एसीजेएम हिंडौन सिटी राजपाल मीणा ने अपने उद्बोधन में अपने स्वयं के राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों एवं समाज में विधिक जागरूकता का कार्य स्वयंसेवक कर सकते हैं।उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को उद्धृत करते हुए कहा कि सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद कठिन परिश्रम एवं मेहनत से भारत के प्रधानमंत्री बने ! इसके बाद भी उन्होंने अपना जीवन सामान्य व्यक्ति की तरह बिताया! जुडिशल मजिस्ट्रेट संयोगिता गहलोत ने अपने उद्बोधन में डिजिटल अरेस्ट ,महिलाओं के अधिकार एवं लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध शिकायत के लिए विभिन्न माध्यमों पर चर्चा की और विशेष तौर पर विद्यार्थियों से अपील की वे अपना एकाठाता से अध्ययन करते हुए करियर का निर्माण करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ कपिल कुमार आनंद ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि एनएसएस नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क ,अनुशासन, समयबद्धता एवं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवक इस सात दिवसीय विशेष शिविर में सीखे हुए अनुभवों और मूल्यों को अपने जीवन में उतर कर अपने व्यक्तित्व का विकास करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रितेश जैन ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद हुई बस्तियों में सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रम आयोजित किया।